# विकलांगता समावेशन प्रोफ़ाइल पेरेंट वॉयस टूल (अभिभावकों के लिए अपनी आवाज़ उठाने का साधन)

- माता-पिता/देखभालकर्ता(ओं) के लिए इस टूल को पूरा करना अनिवार्य नहीं है।
  - आपका स्कूल आपके और आपकी संतान के साथ मिलकर विकलांगता समावेशन प्रोफ़ाइल तैयार करेगा। प्रोफ़ाइल स्कूल में आपकी संतान की क्षमताओं और आवश्यकताओं का लिखित विवरण है। इससे स्कूल को आपकी संतान को उसके लिए आवश्यक सहायता देने में मदद मिलेगी।
  - विद्यार्थी सहायता समूह को आपकी संतान को समझने और यह जानने में मदद देने के लिए कि उसे किस चीज़ से मदद मिलती है, यह ज़रूरी है कि आप अपनी संतान की विकलांगता समावेशन प्रोफ़ाइल मीटिंग में भाग लें।
  - विकलांगता समावेशन प्रोफ़ाइल मीटिंग में विद्यार्थी सहायता समूह इस बारे में बात करेगा कि इन गतिविधियों में भाग लेने के लिए आपकी संतान को किन चीज़ों की ज़रूरत है।
  - यह टेम्पलेट आपको विकलांगता समावेशन प्रोफ़ाइल मीटिंग की तैयारी में मदद कर सकता है। जितने अनुभाग आपको उपयोगी लगें, उतने अनुभागों का उपयोग करें।

| |
|---|
| **आपकी संतान ये काम कर सकती है...** |
| वे सभी कार्य लिखें जो आपकी संतान कर सकती है। (...तैराकी, ...इतिहास से जुड़े अच्छे निबंध लिखना, ...साइकिल चलाना) |
| **आपकी संतान है...** |
| एक व्यक्ति के तौर पर अपनी संतान का विवरण करने वाली हर बात लिखें। (...खुशमिजाज व्यक्ति, ...सुव्यवस्थित व्यक्ति, ...बातूनी) |
| **आपकी संतान के पास है..** |
| कोई भी ऐसी चीज़ लिखें जिसे करने या जिसके होने पर आपकी संतान को गर्व है। (...अच्छे दोस्त, ...अच्छे ग्रेड...) |

| |
|---|
| **आपकी संतान ये करेगी...** |
| अपनी संतान के लिए अपनी इच्छाओं, सपनों और लक्ष्यों को रिकॉर्ड करें, आप क्या उम्मीद करते हैं कि वे क्या हासिल करेंगे। (... नए दोस्त बनाना, अपने आप से ट्रेन पकड़ना, ... VCAL की पढ़ाई समाप्त करना) |
| **आपकी संतान को सीखने और अपनी शिक्षा-प्राप्ति का उपयोग करने में कौन सी चीज़ से मदद मिलती है?** |
| लिखें कि आपकी संतान को स्कूल में सुनने, चीजों को देखने, पढ़ने, लिखने, गणित करने, ध्यान केंद्रित रखने और समस्याओं को हल करने में किस चीज़ से मदद मिलती है |
| **आपकी संतान को सीखने और अपनी शिक्षा-प्राप्ति का उपयोग करने में मदद करने के लिए स्कूल क्या अतिरिक्त कदम उठा सकता है?** |
| यह लिखें कि आपके विचार से और कौन सी चीज़ें आपकी संतान को स्कूल में सुनने, चीज़ें देखने, पढ़ने, लिखने, गणित करने, ध्यान केंद्रित रखने और समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती हैं |
| **आपकी संतान को काम करने में किन चीज़ों से मदद मिलती है?** |
| लिखें कि कौन सी चीज़ें आपकी संतान को अपने रोज़मर्रा की दिनचर्या को पूरा करने, स्वतंत्र रूप से काम करने और शांत रहने में मदद करती हैं |

| |
|---|
| **आपकी संतान को कार्य करने में मदद करने के लिए स्कूल क्या अतिरिक्त कदम उठा सकता है?** |
| लिखें कि आपके विचार से और कौन सी चीज़ें आपकी संतान को अपने रोज़मर्रा की दिनचर्या को पूरा करने, स्वतंत्र रूप से काम करने और शांत रहने में मदद कर सकती हैं |
| **आपकी संतान को बातचीत करने में किस चीज़ से मदद मिलती है?** |
| लिखें कि आपकी संतान को अन्य लोगों से बात करने और उन्हें समझने में किस चीज़ से मदद मिलती है |
| **आपकी संतान को बातचीत करने में मदद करने के लिए स्कूल क्या अतिरिक्त कदम उठा सकता है?** |
| लिखें कि आपके विचार से कौन सी अन्य चीज़ से आपकी संतान को अन्य लोगों से बात करने और उन्हें समझने में मदद मिल सकती है |
| **किस चीज़ से आपकी संतान को अपना ख्याल स्वयं रखने में मदद मिलती है?** |
| लिखें कि आपकी संतान को खाने-पीने, नहाने-धोने, कपड़े पहनने, शौचालय का उपयोग करने, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने, अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने में किस चीज़ से मदद मिलती है |
| **आपकी संतान को अपना ख्याल खुद रखने में मदद करने के लिए स्कूल क्या अतिरिक्त कदम उठा सकता है?** |
| लिखें कि आपके विचार से आपकी संतान को खाने-पीने, नहाने-धोने, कपड़े पहनने, शौचालय का उपयोग करने, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने, अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने में और किस चीज़ से मदद मिल सकती है |

| |
|---|
| **आपकी संतान को अन्य लोगों के साथ घुलने-मिलने में किस चीज़ से मदद मिलती है?** |
| लिखें कि आपकी संतान को यह समझने में कि दूसरे लोग क्या महसूस करते हैं, दोस्त बनाने में, दूसरे लोगों के साथ काम करने में, सम्मानपूर्वक बनने में किस चीज़ से मदद मिलती है |
| **आपकी संतान को अन्य लोगों के साथ घुलने-मिलने में मदद देने के लिए स्कूल क्या अतिरिक्त कदम उठा सकता है?** |
| लिखें कि आपके विचार से आपकी संतान को यह समझने में कि दूसरे लोग क्या महसूस करते हैं, दोस्त बनाने में, दूसरे लोगों के साथ काम करने में, सम्मानपूर्वक बनने में और किस चीज़ से मदद मिल सकती है |
| **आपकी संतान को चलने-फिरने और अपने हाथों का उपयोग करने में किस चीज़ से मदद मिलती है?** |
| लिखें कि कौन सी चीज़ों से आपकी संतान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने, चीजों को उठाने, पेन, कैंची और कांटे जैसी चीजों का उपयोग करने में मदद मिलती है |
| **आपकी संतान को चलने-फिरने और अपने हाथों का उपयोग करने में मदद करने के लिए स्कूल क्या अतिरिक्त कदम उठा सकता है?** |
| लिखें कि आपके विचार से और कौन सी चीज़ों से आपकी संतान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने, चीजों को उठाने, पेन, कैंची और कांटे जैसी चीजों का उपयोग करने में मदद मिल सकती है |